डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 112 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 04 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**नीमच, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कथा से लौट रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बरूखेड़ा गांव के कंवरलाल माली की मौत हो गई। देर रात भगवान देवनारायण की कथा से घर लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार देर रात 11 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार घटना के तुरंत बाद राहगीरों और ग्रामीणों ने घायल कवरलाल को बड़े अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया और उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सिटी थाना पुलिस ने बताया कि मृतक कवरलाल, कन्हैयालाल के बेटे थे और बरूखेड़ा के निवासी थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना उस समय हुई जब गांव में चल रहे भगवान देवनारायण की कथा का समापन हो रहा था। यह कथा 27 जनवरी से हर रात 8 से 11 बजे तक हो रही है।



**पेयजल के लिए** – रामघाट बैराज में पानी का लेवल कम हो गया है। इस कारण अब दो दिन बाद फिर कालाभाटा डेम से पानी लेना होगा। बता दें कि रामघाट बैराज के समीप ही शहर को पेयजल सप्लाय करने के लिए जल शोधन संयंत्र स्थापित है।

# कहां जा रहे बच्चे..!



### ✻ स्कूलों में घटता नामांकन बन रहा चिंता का विषय ✻ अभियानों की सच्चाई बयां कर रहे आंकड़े

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला टॉप टेन में शामिल है, जहां सबसे कम बच्चों ने प्रवेश लिया। अब आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलेगा कि बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए कितनी औपचारिकता निभाई जा रही है। जिले में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल कुल 1572 है। छात्र संख्या 20 से कम वाले स्कूलो की संख्या 200 से अधिक है। इसमें भानपुरा ब्लॉक में 20 स्कूल, गरोठ ब्लॉक में 31 स्कूल, मल्हारगढ़ ब्लॉक में 57 स्कूल और सीतामऊब्लॉक में 38 स्कूल है। जबकि, कोविड से पहले की स्थिति देखे तो केवल 44 स्कूल ऐसे थे। जहां पर छात्रों की संख्या 20 से कम थी। लेकिन, अब पांच गुना स्कूल बढ़ गए है। लगातार स्कूलों में कम संख्या वाले स्कूल बढ़ रहे है।

#### विभाग ने प्रवेश ना होने के ये बताए कारण...

✻ उम्र की बाध्यता बढ़ाने के कारण भी इस वर्ष पहली कक्षा प्रवेश कम हुए। ✻ आयु सीमा में छह माह की छूट बाद में दी गई। ✻ बच्चों का अपने माता-पिता के साथ दूसरे जगह काम के सिलसिले में जाने के कारण। ✻ समग्र आईडी से मैपिंग नहीं होने के कारण भी ऐसे हालात बन जाते हैं। ✻ जगह बदलने के कारण भी बच्चे ठीक से मैप नहीं हो पाते हैं।

#### दस साल में 44 प्रतिशत गिरावट...

कोविड के बाद से 07 फीसदी नामांकन में गिरावट आई है तो एक दशक में करीब 44 फीसदी कमी नामांकन कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवी तक में कमी आई है। बावजूद इसको लेकर अब तक ना तो शिक्षा विभाग ने कुछ किया और ना ही प्रशासन ने इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया। जिसके कारण साल दर साल नामांकन में कमी आ रही है। जब अधिकारियों से पूछा तो नामांकन की कमी को लेकर कुछ बोल नहीं पाए। वर्ष 2010-11 में 1 लाख 55 हजार 4 नामांकन थे। वर्ष 2024-25 में नामांकन 74 हजार 140 तक आ गया। अर्थात 44 फीसदी से अधिक नामांकन कम हुआ। वही कोविड के समय से लेकर अब तक का नामांकन देखे तो 2020-21 में नामांकन 80 हजार 527 था। वर्ष 2024-25 में नामांकन 74 हजार 140 तक आ गया। मतलब नामांकन में सात फीसदी की कमी कोविड के बाद आई है।

**पहली कक्षा में इन जिलों में सबसे कम प्रवेश हुए**

| जिला | – प्रवेश |
|---|---|
| हरदा | – दो हजार |
| नीमच | – दो हजार |
| नरसिंहपुर | – तीन हजार |
| नर्मदापुरम | – तीन हजार |
| निवाड़ी | – तीन हजार |
| आगरमालवा | – तीन हजार |
| शाजापुर | – चार हजार |
| मंदसौर | – चार हजार |
| बुरहानपुर | – चार हजार |
| सिवनी | – पांच हजार |

#### यह है प्रदेश में हमारी स्थिति...

सरकारी स्कूलों में नि:शुल्क किताबें, मध्यान्ह भोजन, गणवेश जैसी सुविधाएं मिलने के बावजूद भी बच्चों की संख्या साल दर साल कम हो रही है। प्रदेश की बात करें तो प्राथमिक स्तर पर पहली कक्षा में पिछले साल के मुकाबले दो लाख विद्यार्थी कम हुए हैं। इसके तहत 2023-24 में छह लाख प्रवेश हुए हैं। वहीं इस साल सबसे कम चार लाख बच्चों ने प्रवेश लिया है। अब बात मंदसौर की करें तो मंदसौर जिला उन टॉपटेन जिलों में शामिल है, जहां सबसे कम प्रवेश हुए है। मंदसौर जिले में कक्षा पहली में इस बार चार हजार बच्चों ने प्रवेश लिया है। गृह संपर्क अभियान और स्कूल चले अभियान जैसे कई अभियान और प्रयास कर बच्चों को स्कूल तक लाने के दावों की पोल खुल रही है। यूं भी कहा जा सकता है कि सरकारी स्कूलों से बच्चों और अभिभावकों का मोहभंग हो रहा है।

## टीएनसी ने नहीं दी परमिशन...

# अवैध भवन में चल रहा मेडिकल कॉलेज..!

### कारण-भवन बनाकर मांगी थी परमीशन

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अनेक प्रयासो और आंदोलनो के बाद मंदसौर को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। इस सत्र से मेडिकल कॉलेज शुरु भी हो गया। लेकिन, करोड़ो रूपए से निर्मित जिस बिल्डिंग में मेडिकल कॉलेज चल रहा है, वह अवैध है। मतलब टीएनसी ने उसको निर्माण की अनुमति नहीं दी है। इसका कारण यह बताया गया है कि, जब अंतिम चरण का काम चल रहा था, तब जाकर परमीशन मांगी गई थी। होना यह चाहिए कि निर्माण शुरु करने से पहले ही परमिशन का आवेदन करना होता है। खाली भूमि का फोटो जियो टेग करना होता है। लेकिन, प्रशासनिक दादागिरी के चलते पहले काम शुरु कर दिया गया और जब कार्य पूर्ण होने वाला था, तब जाकर परमिशन के लिए आवेदन लगाया गया।

#### सीएम से करवाया था भूमिपूजन...

मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग का 8 मार्च 2023 को प्रदेश के तत्कालीन मुखिया शिवराज सिंह, सात केबिनेट मंत्री, दो सांसद , दो विधायकों की मौजूदगी में भूमिपूजन का शिलान्यास हुआ था। निर्माण एजेंसी लोनिवि की पीआईयू थी। पीआईयू को इसके लिए परमीशन लेना थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पूरे निर्माण होने के बाद जब अंतिम चरण चल रहा था तब 18 मार्च 2024 को नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय नीमच में कॉलेज के निर्माण की परमिशन के लिए आवेदन पीआईयू की तरफ से भेजा गया। जिसे 22 मई 2024 को टीएनसी विभाग ने कड़ी टिप्पणियो के साथ खारिज कर दिया।



#### यह है निरस्त करने के कारण...

टीएनसी ने मेडिकल कॉलेज को लिखे पत्र में कहा है कि उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भ में लेख है कि कस्बा मंदसौर स्थित भुमि सर्वे नम्बर 1/2 रकबा 1.045 हेक्टर सर्वे नम्वर 1/1/1/2 रकवा 5.0 हेक्टर, सर्वे नम्वर 33/1/1/2 रकवा 8.8.843 हेक्टर भुमि पर शासकिय मेडीकल ईजिनियर कॉलेज के अभिन्यास का अनुमोदन विकास हेतु अनुज्ञा चाही गई है। अत: भूमि का सयुक्त रूप से स्थल का स्थल निरीक्षण किया गया मौका स्थिति समय विष्यांकित भुमि पर आवेदक संस्था द्वारा सम्पूर्ण भवन निर्मित कर लिये गये है जिनमे समस्त भवनों की उ्चाई 12 मीटर से 18 मीटर तक निर्मित कर ली गई है तथा एक भवन की उ्चाई 30. मीटर विध्यमान है। साथ ही उक्त भुमि के सामने महू नशीरावाद बायपास मार्ग की प्रस्तावित चौडाई 150 मीटर रखते हुये मार्ग मध्य से बिल्डिंग लाईन 40 मीटर पर ही निर्मित कर ली गई है मार्गाधिकार की भुमि के अलावा खुला क्षेत्र एम ओ एस नही छोड़ा गया है तथा 40 मीटर से 75 मीटर में मध्य निर्माण के पूर्व एम. पी.आर.डी.सी. विभाग उज्जैन से भी अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। मौके पर अनुमति के पूर्व ही सम्पूर्ण भवन निर्मित कर लिये गये है। तदानुसार बिना किसी अनुमति के पूर्व से निर्मित भवन का निर्माण कर लिये गये। निर्माणाधीन भवन पर मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अंतर्गत एवम मध्य प्रदेश भुमि विकास नियम 2012 के प्रावधानो के तहत निर्मित भवन पर अनुज्ञा दिया जाना सम्भव नहीं है। प्रकरण मे वैधानिक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित होगा।

#### इनका कहना...

मेडिकल कॉलेज के संबंध में में यह पुरानी प्रक्रिया है। नई प्रक्रिया वर्तमान में भोपाल से हो रही है।

**श्रीमती अदिती गर्ग**
**कलेक्टर, मंदसौर**

## पुलिस कालोनी से निकल रही एप्रोच रोड मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज


**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के बायपास स्थित मेडिकल कॉलेज के पीछे पुलिस विभाग की जमीन पर और तैलिया तालाब की कैनाल से लगते हुए अवैध रूप से बनाई जा रही एप्रोच रोड मामले में अब तक प्रशासन यह पता नहीं कर पाया है कि यह सडक निर्माण कौन करवा रहा था। अभी भी सब जांच की बात कर रहे है। इधर दूसरी तरफ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।



उल्लेखनीय है की एप्रोच रोड बनने का मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने काम रुकवाया था और संबंधितों पर प्रकरण दर्ज करने की बात कही थी। बता दें कि प्रथम दृष्ट्या मामला हाई फाई होकर पीआईयू, नगर पालिका और मेडिकल कॉलेज डीन की मिली भगत का दिख रहा है। हालांकि, अभी यह भी देखना है की मामले में जांच के बाद पुलिस क्या देखती हैं। यह भी हो सकता हैं कि राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव के चलते वास्तव ने क्या कार्यवाही होती हैं?

# वसूली के डर से परेशान युवक ने पिया कीटनाशक

### आक्रोशित परिजनों ने सूठोद फोरलेन पर लगाया जाम, आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर पौन घंटे बाद खुला मार्ग





**पिपलियामंडी, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम पिपलिया सोलंकी में एक युवक द्वारा कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने एम्बूलेस में शव को रखकर महू-नीमच फोरलेन पर जाम लगा दिया। करीब पौन घंटे तक लगे जाम से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। जानकारी के अनुसार 29 जनवरी को सूठोद गांव की महिला का मंगलसूत्र एक युवक छीन ले गया था। बताया गया मंगलसूत्र ले जाने वाला युवक पिपलिया सोलंकी निवासी हेमन्त पिता कैलाश राव का परिचित था। हेमन्त ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की बात कही थी। लेकिन, मंगल सूत्र छिनने वाला व्यक्ति नही आया। 01 फरवरी की शाम सूठोद निवासी महिला के रिश्तेदार लोकेश बावरी, विकास बावरी, अरविंद बावरी, बंटी बावरी, पुष्कर बावरी आदि युवक के घर पहुंचे व आरोप लगाया कि तूने मंगलसूत्र दिलाने की हां की थी। तू उस व्यक्ति को जानता है, हम तूझसे ही मंगलसूत्र लेंगे। सभी ने हेमन्त के साथ लड़ाई-झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दी।

हेमन्त के परिजनों का आरोप है कि लड़ाई झगड़ा करने आए व्यक्ति पिस्टल भी लेकर आए थे। धमकी के डर से परेशान युवक 02 फरवरी को प्रात: 11 बजे करीब मल्हारगढ़ पुलिस थाने पहुंचा व कीटनाशक पी लिया। पुलिस ने हेमन्त का मल्हारगढ़ में प्राथमिक उपचार कराया। गंभीर हालत में उसे बाद में मंदसौर के बडे अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, हालत में सुधार नही होने पर उसे उदयपुर भेजा गया। जहां रविवार शाम हेमन्त ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को शव यहां पहुंचा तो परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने सूठोद में फोरलेन पर एम्बूलेस में शव रखकर जाम लगा दिया और सड़क पर बैठ गए। सूचना पर तहसीलदार ब्रजेश मालवीय, मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी, मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार, पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने सहित पुलिस बल मौके पहुंचा व ग्रामीणों से जाम खोलने की कहा। लेकिन, ग्रामीण जाम खोलने का तैयार नही थे। उनकी मांग थी कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए व उनके मकान धवस्त किए जाए। जाम के चलते फोरलेन पर दोनों ओर करीब 02 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। तहसीलदार व एसडीओपी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शाम 4 बजे जाम खोला व शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।


**बैंड, खेती, मजदूरी करता था युवक**–मृतक हेमन्त के दो बेटियां है, वह खेती, मजदूरी व बैंड का कार्य करता था। उसके दो भाई और माता-पिता है। घर पर जाकर धमकाने के बाद से ही युवक डर गया था व परेशान था। दूसरे दिन सुबह ही वह मल्हारगढ़ थाने पर पहुंचा व कीटनाशक पी लिया।

**पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया था**–मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया युवक को घर जाकर धमकाने व झगड़ा करने के मामले में पुलिस ने पांचों आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। विवेचना के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस आधार पर धाराएं व आरोपी बढ़ाई जाएगी।

# बांग्लादेश अब भारत से मजबूत हो गया?

# सीमा पर बाढ़ लगाने से बीएसएफ को रोका...

**मंदसौर/उज्जैन, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लगातार गिरावट आती जा रही है। विकसित राष्ट्रों से लेकर पड़ोसी राष्ट्रों में भी भारत के प्रति परस्पर विरोध पनपता जा रहा है। यह लक्षण भविष्य में बहुत नुकसानदायक साबित होने वाले हैं। पाकिस्तान से आजादी के बाद से ही संबंध खराब चल रहे हैं। बांग्लादेश जिसकी उत्पत्ति ही भारत के कारण हुई है, भाई या दोस्त की बजाय दुश्मन जैसा व्यवहार कर रहा है। मालदीव कभी अपनी सुरक्षा का जिम्मा भारत के हवाले करता था आज चीन की गोद में बैठ गया है। श्रीलंका जब दिवालीया हुआ तब भारत ने आगे रहकर आर्थिक मदद पहुंचाई थी आज वह भी भारत की समुद्री सीमा के करीब का बंदरगाह चीन को सौंप चुका है।



चन्द्रमोहन भगत

भारत बांग्लादेश की सीमा को बाढ़ लगाकर चिन्हित और तय करने का कार्य दोनों राष्ट्र के संज्ञान में 2010 के पहले से आपसी समझ के तहत कराया रहा था। भारत- बांग्लादेश की सीमा 4 हजार 156 किलोमीटर है। जिसमें से 2010 से 2023 तक 3 हजार 271 किलोमीटर तक बाड़ लगा दी गई है। बाड़ लगाने का काम भारत सरकार की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स लगातार कर रही है। बीच-बीच में मौसम खराब होने या तकनीकी अवरोध आने पर काम रोका जाता रहा था। इसी कारण बची हुई 885 किलोमीटर सीमा पर बाड लगाने का काम 10 जनवरी 2025 से शुरू किया गया था। दो दिन बाद ही बांग्लादेश की सरकार के कड़े विरोध के कारण अपनी ही सीमा में सुरक्षा बाढ़ लगाने का काम बीएसएफ ने बंद कर दिया है। बांग्लादेश के गृहमंत्री का कड़ा बयान आया है कि हम किसी भी सूरत में सीमा पर बाड लगाने नहीं देंगे, बीएसएफ ने काम रोका हुआ है।

इधर भारत सरकार के विदेश तथा रक्षा मंत्रालय से अभी तक कोई प्रतिक्रिया बाहर नहीं आई है। इसीलिए सत्ता पर नजर रखने वाले आम भारतीय के मन में विचार उठना स्वाभाविक है कि जब हमारे देश का मीडिया हमारे देश के नेताओं की तारीफ करते हुए शेखी बघारता है कि विरोधी देश को लाल आंख दिखाकर पीछे खदेड़ दिया। रूस- यूक्रेन युद्ध कुछ घंटों के लिए रुकवा दिया था। वही मीडिया यह नहीं बता पा रहा है कि बांग्लादेश ने इतना अकड़ कर बीएसएफ को बाढ़ लगाने से रोका क्यों? और काम रोक भी दिया है, तब भी भारत सरकार ने प्रति उत्तर में अभी तक क्या किया है!

जो बांग्लादेश भारत की ही मदद से स्वतंत्र राष्ट्र बना। वैश्विक दुनिया में भारत ने ही उसे मान्यता दिलाई है। आर्थिक बदहाली में स्वतंत्र देश बनने पर भारत ने आर्थिक के साथ देश की प्रगति के लिए तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार मदद की है। वही मदद लेने वाले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत को अपनी ही सीमा में बाड लगाने से चैलेंज देकर रोक रही है! बीएसएफ ने काम रोक भी दिया। जरा सोचिए जो पड़ोसी राष्ट्र भारत से सहर्ष मदद मांगा करते थे, दी भी जाती रही थी। वही बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव अब हमें लाल आंखें दिखा रहे हैं। भारत सरकार के पूर्व मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी तो यह भी दावा कर रहे हैं कि चीन ने भारत की 4068 वर्ग किलोमीटर भूमि दबाकर वहां दो काउंटी का निर्माण भी शुरू कर दिया है। देश की संप्रभुता और सुरक्षा क्या ऐसे ही पड़ोसी छोटे राष्ट्रों के सामने सहम कर अपनी सीमाओं की रक्षा कवच बनाना रोकती जाएगी..!

## महिला बाल विकास का अनोखा नियम....

# भर्ती में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 5 साल, संविदा सुपरवाइजर को 15 साल की छूट

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कर्मचारी चयन मंडल के जरिए पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा कराई जा रही है। इसमें महिला पर्यवेक्षक के 660 पद शामिल हैं। इस परीक्षा पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगठनों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सरकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सिर्फ 05 वर्ष की छूट दे रही है। यानी हम सिर्फ 45 साल आयु तक आवेदन कर सकती हैं। जबकि, सुपरवाइजर को 15 साल की छूट दे दी गई हैं। यानी संविदा पर काम करने वाली महिलाएं 55 वर्ष की आयु तक आवेदन कर पा रही हैं।


इस मामले में आंगनवाड़ी संगठनों ने भर्ती में गड़बड़ी की आशंका जताई है। इतना ही नहीं मप्र के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी कार्यकर्ता संघ की तरफ से हाइकोर्ट में याचिका भी लगाई थी। जिसमें कोर्ट की तरफ से निर्देश दिया गया गया है कि मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी भर्ती में बराबर का अधिकार दिया जाए।

बता दें कि विभाग ने विज्ञापन जारी करके 660 पद पर आवेदन बुलाए थे। इसमें आवेदन की अंतिम तारीख 23 जनवरी थी। इस तारीख से पहले ही विरोध शुरू हो गया था। क्योंकि भर्ती नियमों में सीधी भर्ती से आने वालों को 18 से 40 वर्ष आयु तक आवेदन का मौका दिया गया था। वहीं एससी, एसटी, ओबीसी, शासकीय कर्मचारी, नगर सैनिक, नि:शक्तजन और महिलाओं को 5 वर्ष की छूट दी गई। इनके लिए स्पष्ट लिखा गया कि किसी भी स्थिति में 5 साल से अधिक आयु सीमा में छूट नहीं दी सकती। लेकिन संविदा कर्मियों के लिए बनाए गए नियमों में इन्हें 55 वर्ष तक की छूट दे दी गई। लिखा गया कि जो कर्मचारी संविदा के एक या अधिक पदों पर जितने वर्ष तक कार्यरत रहा, उसे उतने वर्ष की छूट मिलेगी और यह अधिकतम 55 वर्ष होगी। इसी बात का विरोध आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।



## रासेयो इकाई मनासा की स्वयंसेविका शिल्पा सेठिया का राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन

**मनासा, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा की स्वयंसेविका



शिल्पा सेठिया पिता लक्ष्मी नारायण जी सेठिया का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर, जयपुर में सहभागिता हेतु हुआ है। वे 3 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक राष्ट्रीय एकता शिविर जयपुर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर सहभागिता करेंगी। शिविर के दौरान राजस्थान की संस्कृति, विरासत और धरोहर के साथ-साथ देश के विभिन्न प्रांतों से आए स्वयंसेवकों की संस्कृति, भाषा एवं खानपान से परिचय प्राप्त करेंगे और शिविर में आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर नेतृत्व, राष्ट्र व समाज सेवा, चारित्रिक विकास व व्यक्तित्व निर्माण के विभिन्न पहुलवों को सीखेंगे। इनके चयन पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एम.एल. धाकड़,कार्यक्रम अधिकारी प्रो.आशा पटेल सहित समस्त स्टाफ एवं स्वयंसेवकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामनाएं की।



# दो सैनिकों का सेना से सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय सेना से दो सैनिक सेवानिवृत होकर लौटे, दोनों सैनिकों का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर द्वारा साफा, श्रीफल व माला से स्वागत सम्मान किया साथ ही शहर नगर के जनप्रतिनिधियों और नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सैनिकों का गर्मजोशी से स्वागत सम्मान किया।

सूर्यनगरी(अफजलपुर) के सैनिक नायक रघुनाथ सिंह राठौड़ एवं मल्हारगढ़ तहसील के बरखेड़ा जयसिंह गांव के हवलदार सामंतसिंह शक्तावत का स्वागत सम्मान यात्रा मंदसौर रेलवे स्टेशन मंदसौर से शुरू होकर शहर के मध्य से भ्रमण करते हुए भारत माता चौराहा, गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा होते हुए अपने-अपने गांव के लिए निकले साथ ही अपनी अपनी तहसीलों में पूर्व सैनिकों एवं सैनिकों द्वारा भी जोरदार स्वागत किया गया। सेवानिवृत होकर सकुशल प्रथम आगमन पर शहर नगर गांवों में दोनों सैनिकों का भव्य स्वागत एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। दोनों सैनिकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सेवाएं अभी समाप्त नहीं हुई हम देश सेवा करके आए, हमारा जोश जुनून अभी भी बरकरार है हम अब युवाओं के बीच अपना अनुभव साझा करेंगे व सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला ने कहा कि हम अभी तक 700 से अधिक सैनिकों का स्वागत कर चुके है इससे नवयुवकों का सेना कि तरफ झुकाव लगातार बढ़ रहा है सैनिक के सम्मान में पूरा शहर पलक पांवड़े बिछाए स्वागत करता है। पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी ने कहा सैनिकों का जीवन आसान नहीं होता देश के दुर्गम से दुर्गम क्षेत्र पहाड़ियों सीमाओं पर भारत माता कि सेवा के साथ साथ परिवार कि जिम्मेदारी भी एक चुनौती होती है हर चुनौती से लड़ते हुवे अपने देश कि रक्षा और परिवार कि जिम्मेदारी को एक सैनिक पूर्ण करता है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी, राजेश चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं सैनिक पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# बसंतोत्सव कार्यक्रम संपन्न






**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. केशव नगर, मंदसौर में बसंतोत्सव (सरस्वती पूजन) कार्यक्रम संपन्न बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती का पूजन एवं नव प्रवेशी भैया/बहिनों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. वीणा सिंह (प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय मंदसौर) अध्यक्षता डॉ. रविन्द्रकुमार जी सोहोनी (अध्यक्ष महोदय, प्रो. राजेन्द्रसिंह शिक्षण समिति) श्री चन्द्रशेखर जी हलकारा(सहसचिव महोदय, प्रो. राजेन्द्रसिंह शिक्षण समिति)अतिथि परिचय श्री संतोष जी यादव (प्राचार्य महोदय ) एवं स्वागत श्री राजपालसिंह जी सिसौदिया (प्रधानाचार्य महोदय) श्री वर्दी चंद्र जी श्रीमाल (वरिष्ठ आचार्य) ने किया। कार्यक्रम का शुभरंभ माँ सरस्वती का पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। गायत्री परिवार द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चारण द्वारा नवीन सत्र 2025- 26 में नव प्रवेशी भैया/बहिनों ॐ व श्री लिखवा कर उनका विद्यारंभ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विद्यालय में स्थापित नवीन इंटरएक्टिव पैनल बोर्ड का उद्घघाटन किया गया।

## श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में बच्चों ने श्रद्धा के साथ मनाया बसंत पंचमी महोत्सव

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री प्रेमप्रकाश आश्रम मंदसौर में मां सरस्वती देवी के चित्र की अत्यंत ही मनमोहक झांकी सजाकर, दीपक प्रज्वलित




कर, नन्हे मुन्ने बालक ,बालिकाओं ने पूर्ण श्रद्धा भाव से मां सरस्वती देवी एवं श्री गुरुदेव भगवान की पीले पुष्पों से पूजा अर्चना की व पीले वस्त्र, पीली खीर, पीले लड्डू, हलवा आदि का भोग लगाकर बसंती पंचमी महोत्सव के रूप में मनाई।

इस आशय की जानकारी सेवा मण्डली के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शिवानी ने देते हुए बताया कि कंकू ,केसर, चंदन, तिलक से बच्चों ने मां सरस्वती मंत्र की स्तुति कर माता से विद्या की कामना की। कलम (पेन) की पूजा कर बच्चों को वितरण किया गया। दादी पुष्पा पमनानी के सानिध्य में मां सरस्वती देवी के सुन्दर भजन प्रस्तुत कर बच्चों को खुश कर दिया। बच्चों ने मां सरस्वती देवी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अन्त में आभार प्रदर्शन श्रीमती मंजू-भगवानदास (बम) कोठारी ने प्रकट किया।

## स्काउट गाइड टीम पहुंची रामेश्वरम, डा. कलाम को किया याद

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। श्री साई पब्लिक स्कूल दलौदा भारत स्काउट गाइड की टीम संभागीय दल नेता मंदसौर जिला सचिव सलमा शाह के नेतृत्व में डायमंड जुबली जंबूरी तिरुचिरापल्ली में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने के पश्चात भारत के चार प्रमुख तीर्थ में से दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रामेश्वरम पहुंची।**

भगवान भास्कर की पहली स्वर्णिम रश्मि के साथ रामेश्वरम में कीप गुड होप अंतरीप के समुद्र तट पर पहुंच कर पब्लिक स्कूल के स्काउट दल जिसमें मलखंभ टीम का नेतृत्व दिनेश धाकड़ एवं बैंड टीम का नेतृत्व दिलीप चौहान गाइड दल का नेतृत्व सपना धाकड़ के नेतृत्व में स्काउट गाइड ने समुद्र तट पर लहरों में अटखेलिया की एवं समुद्र स्नान का आनंद लिया उसके पश्चात 22 कुंडों के जल में धार्मिक मान्यताओं के अनुसार स्नान कर स्काउट यूनिफॉर्म में पहनकर भगवान रामेश्वरम के दर्शन किए जहां भगवान श्री राम ने लंका विजय के पूर्व भगवान शिव के शिवलिंग की स्थापना की जो आज भी रामेश्वरम तीर्थ के रूप में पूजा जाता है।



**डॉ एपीजे अब्दुल कलाम म्यूजियम भी देखा**–स्काउट गाइड ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जिन्हें दुनिया मिसाइल मैन के नाम से जानती है ,जिनके अप्रतिम योगदान से भारत ने परमाणु विस्फोट किया और विश्व के परमाणु संपन्न देशों में भारत का नाम रोशन किया ऐसे भारत माता के महान वैज्ञानिक सपूत डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का म्यूजियम देखा जहां उनका स्टेचू देखकर स्काउट गाइड आश्चर्यचकित हो गए ऐसा लगा मानो अब्दुल कलाम स्वयं बैठे हैं और अभी उनसे बात करने लग जाएंगे। उनके अहम योगदान ब्रह्मोस, अग्नि, त्रिशूल मिसाइल को भी बच्चों ने देखकर प्रेरणा ली शिलांग में उनका अंतिम भाषण सुनकर छात्र आत्म विभोर हो गए और उनकी याद में स्काउट गाइड की आंखें छलछला आई ,उनके अप्रतिम योगदान से छात्रों में अपने आप को कुछ करने और देश के प्रति योगदान देने का संकल्प लिया, इसके पश्चात स्काउट गाइड दल तिरुचिरापल्ली के लिए रवाना हो गया।

# विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नेहरू युवा केन्द्र मन्दसौर द्वारा, खेल और युवा कल्याण विभाग, मन्दसौर के सहयोग से विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दलौदा में किया गया।

उपरोक्त विषय में जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 100 मी. बालिका वर्ग में प्रथम प्रिया कुंवर, द्वितीय वंदना धाकड़, तृतीय वंदना बोरीवाल, 200मी. बालक वर्ग में प्रथम हरिओम गुर्जर, द्वितीय कमलेश कुमावत, तृतीय यशपाल सिंह, गोंला फेंक बालिका वर्ग प्रथम रविना कंवर, द्वितीय हेमलता, तृतीय ऋतु धाकड़, गोंला फेंक बालक वर्ग प्रथम अंकित सिंह, द्वितीय अर्जुन प्रजापत, तृतीय पीयूष बारेठ रहे। खो-खो खेल बालिका वर्ग में हुआ जिसमें विजेता श्री दलौदा पब्लिक स्कूल और उपविजेता दलौदा स्पोर्ट्स अकादमी रहा। रस्साकस्सी बालक वर्ग में हुआ जिसमें विजेता श्री दलौदा पब्लिक स्कूल और उपविजेता सुमन विधा मंदिर की टीम रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रतियोगिता समापन पर मुख्य अतिथि दलौदा भाजपा के मण्डल अध्यक्ष श्री विकास सुराना, मंडल मंत्री श्री विशाल राठौर द्वारा ट्रॉफी, मैडल और खेल किट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता जिला खेल अधिकारी श्री विजेन्द्र देवड़ा और नेहरू युवा केंद के जिला अधिकारी श्री अभिलाष वास्कले, श्री दारा सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा ने किया आवश्यक सहयोग खेल प्रशिक्षक श्री अभिषेक सेठिया, श्री एम्ब्रोज वाल्टर, श्री अनिल बैरागी, श्री अर्जुन धाकड़ ने दिया। सभी विजेता और चयनित प्रतिभागी आगामी 5 फरवरी 2025 को जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता मन्दसौर में अपने विकासखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## श्री पशुपतिनाथ की धार्मिक नगरी मंदसौर में शराब बंदी पर जन-जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न




**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मन्दसौर से चयनित नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक संस्था द्वारा गांधी चौराहा पर भगवान श्रीपशुपतिनाथ धार्मिक की नगरी मंदसौर में पूर्णता शराबबंदी पर मध्यप्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में राजारामज तंवर ने सरकार के फैसले की प्रशंसा कर प्रदेश के मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। वरिष्ठ समाजसेवी महेश दुबे ने कहा कि हम लगातार हर वार्डो में जन-जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार प्रसार करेंगे। दिनेस सोलंकी ने द्वारा कि भगवान श्रीपशुपतिनाथ की नगरी में शराब प्रतिबंध का सरकार का महत्वपूर्ण फैसला है, सबको मिलकर बड़े हर्ष उल्लास के साथ प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अजीजुल्लाह खान, शहनवाज शेख, उषा सोलंकी, मीना चौहान, रतनलाल चोहन, एवं पत्रकार बंधु सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य मंदसौर के नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यार्जन और प्रकृति प्रेम की अभिलाषा पूरी करती है माता सरस्वती-जोशी

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आयोजित आध्यात्मिक संवाद मे विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी ने कहा कि बसंतोत्सव पर माता सरस्वती की आराधना की जाती है जो विद्यार्जन और प्रकृति प्रेम की अभिलाषा पुरी करती है। प्रकृति अपने अवदान के साथ मानव को उपकृत करती है। जीवन की ज्ञान की महत्ता का बोध करने का यह अवसर है। प्रकृति पतझड़ व नव सौन्दर्य प्रकट कर सतत गतिशीलता का सन्देश देती है। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि पारिवारिक कलह आज एक विकट समस्या के रूप मे प्रकट हुई है। दाम्पत्य मे दरार परिजनो मे द्वेषता व प्रेम सद्भाव का अभाव सामासिजक त्रासदी है। इसके लिए स्वार्थ भाव का त्याग व सेवा भाव का संचार जरूरी है। पूर्व प्राचार्य डॉ. बी.आर.नलवाया ने कहा कि नर्मदा मैया भारत की धार्मिक आस्था का प्रतीक है। नर्मदा परिक्रेमा मे जन जीवन के धार्मिक, सामाजिक व आर्थिक उन्नयन में नर्मदा की भूमिका महत्वपूर्ण है। साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि परिश्रमी व्यक्ति जीवन मे उपलब्धी प्राप्त करता है। हाथो मे एक्युप्रेशर के माध्यम से रोगो से मुक्ति मिलती है। श्री यशवंत प्रजापति, श्री राजकुमार जसवंत, श्री धर्मेन्द्र चैहान, श्री सुशील जैन, श्री अभय जैन, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री जगन्नाथ थोरेचा ने मंगलाचरण गीत भजन व विचार रखे। श्री भेरूलाल पटेल, श्री वल्लभ बघेरवाल, श्री शंकरलाल त्रिवेदी, श्री अमृतराम सुनार्थी, श्री नरेन्द्र खण्डेलवाल, श्री नरेन्द्रपालसिंह राणावत, श्री दिनेश जैन, श्री बाबूलाल जैन, श्री सुनील गुप्ता फरक्या ने संवाद मे सहभागिता की।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 104 | 2154 | 2423 |
| उडद | 6 | 3600 | 5200 |
| सोयाबीन | 3947 | 3611 | 4260 |
| गैहु | 1574 | 2821 | 3070 |
| चना | 32 | 4500 | 5454 |
| मसुर | 86 | 5001 | 5772 |
| धनिया | 452 | 4422 | 6753 |
| लहसुन | 17500 | 3000 | 10000 |
| मैथी | 438 | 3901 | 5580 |
| मुंगफली | 952 | 4001 | 5060 |
| अलसी | 1117 | 5301 | 5960 |
| सरसो | 665 | 4500 | 5820 |
| तारामीरा | 2 | 4301 | 4401 |
| इसबगोल | 67 | 8000 | 11601 |
| प्याज | 4500 | 590 | 2116 |
| कलोंजी | 8 | 11801 | 15899 |
| तुलसी बीज | 2 | 13801 | 14400 |
| डॉलर | 11 | 3400 | 7475 |
| तिल्ली | 10 | 7400 | 8250 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 1 | 6181 | 6181 |
| असालीया | 71 | 8591 | 9090 |
| चियाबीज | 41 | 12000 | 13550 |

# कलेक्टर ने सभी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से निरोग्यम नीमच अभियान से जुड़ने का किया आह्वान

### निरोग्यम नीमच अभियान के तहत आज से जिले में प्रारंभ होगा डोर-टू-डोर सर्वे, अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच/मनासा, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में निरोग्यम नीमच अभियान का आयोजन किया जा रहा है इसके तहत अभियान के सफल क्रियान्वायन के लिए तीनों विकासखण्ड में 6 स्थानों क्रमश: नीमच, जावद, सिंगोली, मनासा, कुकडेश्वर एवं रामपुरा, में प्रशिक्षण सोमवार को संबंधित एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू, एसडीएम जावद सुश्री प्रीती संघवी, एवं एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी सेक्टर मेडिकल आफिसर, परियोजना अधिकारी बाल विकास, सी.एच.ओ., आर.बी.एस.के. मेडिकल आफिसर, सी.एच.ओ. ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित थी।




नीमच के टाउन हाल में प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए एस.डी.एम. नीमच श्री संजीव साहू ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया, कि निरोग्यम नीमच अभियान स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी को अपना योगदान देना है। श्री साहू ने कहा, कि फील्ड सर्वे के दौरान चिन्हांकित होने वाले मरीजो का प्रतिदिन ब्लाक की टीम द्वारा फालोअप किया जावेगा। चिन्हित मरीजो में जिसे भी पोषण आहार की आवश्येकता होगी उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध कराया जावेगा। श्री साहू ने कहा कि इस अभियान के तहत घर-घर भ्रमण कर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड इस अभियान के दौरान बनाना है, यदि किसी को कार्ड बनाने में समस्या आ रही है तो कारण सहित सूची ब्लाक स्तार पर उपलब्ध कराए। टाउन हाल नीमच में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिला टीकाकरण अधिकारी डा. बी.एल.सिसोदिया, डा.आर.के खघोत, डा.विजय भारती, डा. मनीष यादव, बीएमओ डॉ.प्रवीण पांचाल, सीडीपीओ सुश्री पायल पाल, जनपद सीईओ श्री राजेन्द्रक पालनपुरे ने अभियान के बारे में विस्ता र से प्रशिक्षण दिया। विकासखण्ड जावद में सिविल हास्पिटल जावद के डोम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगोली के डोम में आयोजित प्रशिक्षण में एस.डी.एम. जावद सुश्री प्रीती संघवी नाहर बीएमओ डा.राजेश मीणा एवं सी.डी.पी.ओ. श्री फखरूद्दीन बोहरा ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में 100 दिवसीय निक्षय अभियान में संभावित मरीजो की स्क्रीनिंग एवं एक्स रे, मिशन इंद्रधनुष अभियान में छूटे बच्चों का टीकाकरण, आर.बी.एस.के. के तहत जन्मजात विकृति वाले बच्चों का चिन्हांकन एवं उपचार, संभावित कुष्ठ रोग के मरीजों का चिन्हांकन एवं उपचार, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन एवं उनकों एन.आर.सी. में रैफर करने के सम्बन्ध में विस्तार से बताया।

इसी प्रकार विकासखण्ड मनासा के मनासा, कुकडेश्वसर एवं रामपुरा में एस.डी.एम. श्री पवन बारिया की उपस्थिति में आयोजित प्रशिक्षण में गुणवत्तापूर्ण डोर-टू-डोर सर्वे करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने निरोग्युम् नीमच अभियान से जुडे सभी अधिकारी कर्मचारियों को अभियान के सफल क्रियान्वरयन के लिए सूक्ष्म मानिटरिंग करने के निर्देश दिये है। साथ ही जिला स्तरीय नोडल अधिकारीयों को भी क्षेत्र का भ्रमण कर, सतत् मानिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के सफल क्रियान्वरयन के लिए कलेक्टर ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, सरपंचों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया हैं।


## कार्यालय नगर परिषद् पिपलियामंडी जिला मंदसौर मप्र

क्रमांक 145/राजस्व/2025

**नामांतरण विज्ञप्ति**

पिपलियामंडी दिनांक 31.01.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर परिषद सीमा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भवन / भूमि पर हक अंतरण हेतु निम्नाकित व्यक्तियो ने नगर पालिका अधिनियम की धारा 150 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

अतः आवेदको के प्रस्तुत आवेदन के परिक्रम में हक अंतरण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित में कार्यालय नगर परिषद् पिपलियामंडी में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। समय तिथि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही की जायेगी।

| क्रं. | वार्ड क्रं. | प्रकरण क्रं. | मोहल्ले का नाम | नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुतकर्ता आवेदक का नाम | व्यक्ति का नाम | परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 12 | 41/24 | शिव मंदिर गली | विद्याबाई - अर्जुन कुमार, सुमनबाई - बलराम, सत्यनारायण - मुन्नालाल पेरोलिया | मुन्नालाल - छोटेलाल | मृत्यु प्रमाणपत्र आधार |
| 2 | 4 | 211/24 | पिपलियापंथ मार्ग गली नं. 02 | दुल्हेसिंह - देवीसिंह बावरी | कंचनबाई - दुल्हेसिंह बावरी | मृत्यु प्रमाणपत्र आधार |
| 3 | 7 | 212/24 | टीलाखेड़ा गली नं. 05 | जमनाबाई - हीरालाल व राजमल - हीरालाल गायरी | हीरालाल - रूपचंद गायरी | मृत्यु प्रमाणपत्र आधार |
| 4 | 14 | 213/24 | महावीर गंज गली नं. 03 | चन्दाबाई - मदनलाल व जीवन बाई - अनिल गुर्जर | चन्दाबाई - मदनलाल गुर्जर | सहस्वामित्व रजिस्ट्री आधार |
| 5 | 12 | 214/24 | अंजुमन रोड़ | सुशिला बाई - रमेशचन्द्र व दिनेश व दीपक - रमेशचन्द्र गुप्ता | रमेशचन्द्र - मांगीलाल गुप्ता | मृत्यु प्रमाणपत्र आधार |
| 6 | 12 | 215/24 | अंजुमन रोड़ | सुशिला बाई - रमेशचन्द्र व दिनेश व दीपक - रमेशचन्द्र गुप्ता | बिलासीबाई - मांगीलाल पोरवाल | रजिस्टर्ड दान पत्र आधार |
| 7 | 1 | 216/24 | पिपलियापंथ | यशोदाबाई - कस्तुरचंद दर्जी | कुशाल बाई - ओमप्रकाश व कृष्णकुमार - ओमप्रकाश गुर्जर | विक्रयपत्र आधार |
| 8 | 3 | 217/24 | महू - नीमच मार्ग | रामनिवास - ओंकारलाल बमुनिया | अंतरसिंह - माधोसिंह उर्फ माधुसिंह राजपुत | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 9 | 5 | 218/24 | बायपास मार्ग (श्री सांई विहार कॉलोनी) | साधना - विनोद जैन | भीमसेन - भुरालाल डाबी व अन्य | विक्रयपत्र आधार |
| 10 | 5 | 219/24 | महात्मा गांधी मार्ग | कुलदीप ना.बा. सरपरस्त पिता अवन्तीलाल माली | कुलदीप ना.बा. सरपरस्त पिता अवन्तीलाल माली | स्वयं की कृषि भूमि की खसरा नकल व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 11 | 3 | 220/24 | कनघट्टी मार्ग (पावागढ़ विहार कॉलोनी) | श्यामलाल - गिरधारीलाल चौधरी | कमल कुमार - शंकरलाल गुर्जर | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 12 | 5 | 221/24 | महात्मा गांधी मार्ग (मण्डी के सामने) | मधुबाला - शिवप्रकाश पोरवाल | मुकेश - रामनारायण माली | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 13 | 4 | 222/24 | डाक बंगला मार्ग | सीताबाई - सुरजमल विजयवर्गीय | मृतक: सुरजमल - छोगालाल विजयवर्गीय, दर्जनाम: इन्दरमल - सुरजमल विजयवर्गीय | मृत्यु प्रमाणपत्र, शपथपत्र, न्यायालय आदेश आधार |
| 14 | 2 | 223/24 | फाटक मोहल्ला गली नं. 03 | विशाल कुमार - कन्हैयालाल घाटिया | सुशीला बाई - सुरेशचन्द्र चावड़ा | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 15 | 3 | 224/24 | अजय टॉकिज मार्ग गली नं. 03 | पुजा - निलेश जैन | मांगुसिंह - फौजसिहं शक्तावत | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 16 | 3 | 225/24 | अजय टॉकिज मार्ग | सीमा - रमेशचन्द्र पोरवाल | कैलाशचन्द्र - शंकरलाल गुर्जर | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 17 | 11 | 226/24 | शिक्षक कॉलोनी गली नं. 01 | लता - ब्रजमोहन लक्ष्कार | ब्रजमोहन - शिवलाल लक्ष्कार | रजिस्टर्ड दान पत्र आधार |
| 18 | 10 | 227/24 | शासकीय चिकित्सालय मार्ग | भोपालसिंह - भेरूसिंह राजपुत | भेरूसिंह - मदनसिंह राजपुत | मृत्यु प्रमाणपत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा आधार |
| 19 | 10 | 228/24 | शासकीय चिकित्सालय मार्ग | भंवरसिंह - भेरूसिंह राजपुत | भेरूसिंह - मदनसिंह राजपुत | मृत्यु प्रमाणपत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा आधार |
| 20 | 10 | 229/24 | शासकीय चिकित्सालय मार्ग | दरबारसिंह - भेरूसिंह राजपुत | भेरूसिंह - मदनसिंह राजपुत | मृत्यु प्रमाणपत्र, रजिस्टर्ड वसीयतनामा आधार |
| 21 | 3 | 230/24 | महू - नीमच मार्ग | राधेश्याम - परमानन्द कराड़ा | आशीष - नरेन्द्र पितलिया | विक्रयपत्र आधार |
| 22 | 3 | 231/24 | महू - नीमच मार्ग | राधेश्याम - परमानन्द कराड़ा | आशीष - नरेन्द्र पितलिया | विक्रयपत्र आधार |
| 23 | 3 | 232/24 | महू - नीमच मार्ग | पुजा - पवन अग्रवाल | आशीष - नरेन्द्र पितलिया | विक्रयपत्र आधार |
| 24 | 10 | 233/24 | शासकीय चिकित्सालय मार्ग | मांगीबाई - अशोक कुमार, दिलीप कुमार - अशोक कुमार तिवारी | अशोक कुमार - भंवरलाल तिवारी | मृत्यु प्रमाणपत्र आधार |
| 25 | 3 | 234/24 | अजय टॉकिज मार्ग | मनोरमा - डॉ मणीलाल जैन, दिनेश कुमार व राकेश कुमार - डॉ मणीलाल जैन | डॉ मणीलाल - सुरजमल जैन, दिनेश कुमार व राकेश कुमार - डॉ मणीलाल जैन | मृत्यु प्रमाणपत्र आधार |

**प्रवीण सेन**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद पिपलियामंडी

**सुनील साहू**
राजस्व प्रभारी
नगर परिषद पिपलियामंडी

**श्रीमती वंदना कमल तिवारी**
सभापति, राजस्व विभाग
नगर परिषद पिपलियामंडी

**श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया**
अध्यक्ष
नगर परिषद पिपलियामंडी

# मध्यप्रदेश बनेगा कौशल हब

## राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों से मध्यप्रदेश को मिलेगा लाभ-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त करते हुए केंद्रीय बजट 2025 में कौशल विकास और रोजगार को केंद्र में रखा गया है। मध्यप्रदेश इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रदेश को 'कौशल शक्ति प्रदेश' के रूप में विकसित करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां हर युवा को नवीनतम औद्योगिक जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण मिलेगा। इससे प्रदेश की प्रतिभा न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट-2025 में घोषित 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना से मध्यप्रदेश को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। इन केंद्रों के माध्यम से 'मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड' अभियान को मजबूती मिलेगी, जिससे राज्य में प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, प्रमाणन प्रणाली और उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल को राज्य के युवाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कौशल विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

**स्टार्ट-अप्स और उद्यमिता को मिलेगा नया आयाम**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्ट-अप्स के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के फंड ऑफ फंड की घोषणा से मध्यप्रदेश के नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार इस कोष का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिससे स्थानीय स्टार्ट-अप्स को पूंजी और संरचनात्मक सहायता मिल सके। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि 'यह बजट केवल कौशल विकास की बात नहीं करता, बल्कि इसे रोजगार से जोड़कर समग्र विकास का एक मॉडल प्रस्तुत करता है। हम मध्यप्रदेश में डिजिटल लर्निंग, AI आधारित शिक्षा और नए उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्राथमिकता देंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के द्वार खोलेगा।' उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित योजनाओं को राज्य स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा व्यापक रणनीति बनाई जा रही है।

**रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण और नए अवसर**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर फ्रेमवर्क पर जोर दिया गया है, जिससे मध्यप्रदेश के टियर-2 शहरों में वैश्विक कंपनियों के कौशल केंद्रों को स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को वैश्विक बाजार के अनुरूप तैयार किया जाएगा। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में मुद्रा लोन का प्रावधान किया गया है। सरकार होम-स्टे और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अनुसूचित जाति और जनजाति महिलाओं एवं वंचित समुदायों के उद्यमियों के लिए सरकार पहली बार 5 लाख युवाओं को ऑनलाइन क्षमता निर्माण और उद्यमिता प्रशिक्षण से जोड़ने जा रही है।

**'स्किल हब' बनने की दिशा में अग्रसर मध्यप्रदेश**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश को कौशल और नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। राज्य में नए स्किलिंग हब, GCC केंद्र और स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग से रोजगार के असंख्य अवसर उत्पन्न होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश 'स्किल हब ऑफ इंडिया' बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि राज्य सरकार आगामी वर्षों में कौशल विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए नई रणनीति तैयार करेगी, जिससे हर युवा को उसकी क्षमता के अनुरूप अवसर मिल सके। यह बजट केवल वित्तीय आवंटन का दस्तावेज नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है जहां कौशल ही विकसित समाज, विकसित प्रदेश और विकसित देश की नींव बनेगा।



# प्रबन्धन कला में जो प्रवीण होगा, वर्तमान में वही प्रबल होगा-पंचारिया

## सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया बसंतोत्सव

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आप व्यापार व्यवसाय, राजनीति, प्रशासनिक सेवा या अन्य जीवन के किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हों लेकिन यदि आपके अन्दर प्रबन्धन के गुण हैं आप अपने जीवन में अवश्य ही सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे ।

उक्त विचार ब्रह्म परिषद व अनुराग संस्था के संस्थापक गोपालकृष्ण पंचारिया ने व्यक्त किए। वे बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा स्थानीय संस्कृत पाठशाला में आयोजित बसंतोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। सनातन संस्कृति की सर्वोच्चता पर अपनी भावना व्यक्त करते हुए संस्कृत पाठशाला के आचार्य श्री ज्ञानी ने कहा कि भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने के लिए पुरातन व नूतन में सामंजस्य स्थापित करना होगा । हमारे अध्यात्म ने, हमारे शास्त्रों ने इस विश्व को एक नई दिशा दी है । हमारी संस्कृत भाषा विश्व की वैज्ञानिक भाषा है । आने वाले समय में एक बार फिर हमारी सनातन संस्कृति व संस्कृत भाषा की श्रेष्ठता प्रमाणित होगी। आपने मॉ सरस्वती के प्रकट स्थल के बारे में जानकारी और बताया कि शंकराचार्य ने उस मंदिर की खोज कर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जो जम्मू कश्मीर प्रांत में स्थित है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई व संस्कृत पाठशाला के बटूकों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ वेदपाठ किया गया। इस अवसर पर पं. विनोद शर्मा, पं. अरूण शर्मा, रविन्द्र पाण्डेय, सुनील व्यास, सतीश नागर, दिलीप कुमार दुबे, राजेश शुक्ला, डॉ. प्रवीणसिंह मण्डलोई, चन्द्रकांत शर्मा, कमलेश जोशी, धीरज जोशी, ब्रजेश बिरथरे, पुखराज शर्मा, दिनेश शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रतीक व्यास, सुरेश शर्मा, कैलाश उपाध्याय, विनोद तिवारी, शुभम उपाध्याय, विद्या उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठपत्रकार पं. ब्रजेश जोशी व पं. अरूण शर्मा ने किया एवं आभार सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दिलीप दुबे ने माना। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पवन उपाध्याय ने दी।



### एयू इंटरनेशनल हाफ मैराथन में नरेन्द्र कुमार ने 21वां स्थान प्राप्त किया

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** 2 फरवरी को जयपुर में दौड़ते कदमों का उत्सव 16वीं एयू जयपुर मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन एयू इंटरनेशनल हाफ मैराथन जयपुर में भारत के अलावा 24 अन्य देशों के 3500 इंटरनेशनल धावकों ने हिस्सा लिया। 21 कि.मी. लम्बी इस मैराथन में मंदसौर के नरेन्द्र कुमार मेघनानी (56 वर्ष) ने भाग लेकर 21वां स्थान हासिल कर मंदसौर का नाम रोशन किया। इस दौड़ को नरेन्द्र कुमार ने 2 घण्टे 16 मिनिट में पूर्ण किया। जयपुर मैराथन 3500 से अधिक विदेशी धावक जुटे, सीएम भजनलाल शर्मा ने फ्लैग ऑफ कर रनर्स का बढ़ाया हौसला। मेराथन में 21वां स्थान हांसिल करने पर नरेन्द्र कुमार को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### समग्र पोर्टल एवं लोक सेवा केंद्र की सेवाएं 4 से 10 फरवरी तक बंद रहेगी

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** समग्र पोर्टल एवं लोक सेवा केंद्रों के माध्यम समग्र से दी जाने वाली सेवाएं 4 फरवरी से 10 फरवरी तक बंद रहेगी। तकनीकी सुधार और सिस्टम ऑपरेशन के कारण यह निर्णय लिया गया है जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें। लोक सेवा गारंटी के जिला प्रबंधक श्री वैभव बैरागी द्वारा बताया गया कि इस दौरान ऑनलाइन सेवाएं जैसे आय, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी सेवाएं जो समग्र से संबंधित है वह सेवाएं बंद रहेगी।

### समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन 31 मार्च तक करें

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक करा सकते है। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु जिले में 77 पात्र संस्थाओं को पंजीयन केन्द्रो निर्धारण किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं का समर्थन मूल्य रूपये 2425/- निर्धारित किया गया है।कृषको से अनुरोध है कि समय-सीमा में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर जाकर नि:शुल्क पंजीयन फार्म प्राप्त कर अपना पंजीयन करावे। कृषको की सुविधा हेतु अधिकृत एमपी ऑनलाईन, कांमन सर्विस सेंटर पर सशुल्क तथा अपने मोबाईल पर किसान एप पर भी अपना पंजीयन करा सकते है। किसान पंजीयन के लिए कृषक पंजीयन केन्द्र पर भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड, बैकपासबुक एवं फोटो पहचान हेतु आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु किसान अपना पंजीयन शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में करवायें।

### किसी भी योजना के मूल ढांचे में बदलाव नहीं-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार ने सभी वर्गों के लिए निरंतर योजनाएं बनाने का काम किया है। सरकार की किसी भी योजना के मूल ढांचे में बदलाव नहीं होने दिया गया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विशेष रूप से विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा जल्द ही लैपटॉप की राशि देने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से स्कूल स्तर पर जो विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में सूची में शामिल हुए हैं उनको स्कूटी भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो हमारी मूल योजना है उसके अनुसार हम अपने बच्चों को यह सौगात देंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वरूप में किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया गया है।

# सफाई कर्मचारियों की लंबित 5 सूत्रीय मांगों का दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने 3 फरवरी को नगरपालिका मंदसौर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देकर उनका निराकरण करने की मांग की गई।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश सचिव पटेल मुकेश चनाल, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के उज्जैन संभाग अध्यक्ष प्रकाश तंवर एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष बसंत परमार ने ज्ञापन की मांगों के संबंध में बताया कि लम्बे समय से हमारी कई मांगे लंबित है। जिसमें से प्रमुख रूप से समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नगरपालिका मंदसौर में दस से लगाकर बीस वर्ष तक होने आये है। उन्हें नियमित किया जावे। वर्ष 2006 में तत्कालीन नपाध्यक्ष प्रहलाद जी



बंधवार के समय सफाई कर्मियों की भर्ती की थी उस के बाद आज तक सफाई कर्मियों की भर्ती नही हुई जब की अभी वर्तमान जनसंख्या बड़ी व कालोनियों का दूर दराज तक कालोनियों बन गई और मंदसौर का क्षेत्रफल बढ़ गया। अत: 100 पुरूष व 100 महिलायें सफाई कार्य हेतु रखी जाय। सफाई कर्मचारियों का वेतन समय पर देवें व स्थाई सफाई कर्मचारियों को 1 से 3 तारीख को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 5 तारीख तक वेतन दिया जाय। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 1500 रू. वेतन में अतिरिक्त राशि जोड़कर दिया जा रहा था जिसे रोक दिया गया है लेकिन न्यायालय द्वारा 1500रू. अतिरिक्त जोड़ने के आदेश प्रदान किये गये है। अत: न्यायालय के आदेशानुसार पुन: दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन में 1500 रू. अतिरिक्त जोड़कर दिये जाने के निर्देश प्रदान किये जाये। समस्त सफाई कर्मियों को निवास हेतु भूखण्ड अलॉट की जाये। मांग की गई कि उपरोक्त पांच सूत्रीय मांगों का त्वरित निराकरण करने की कृपा करें। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज अध्यक्ष राजाराम तंवर, शांतिलाल झांझोट, मंगल कोटियाना, सतीश खेरालिया, भेरूलाल बारवासिया, विनोद छपरी, विष्णु मकवाना, जगदीश हंस सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

# तापमान में 2 डिग्री की गिरावट

## 12 से 14 फरवरी के बीच बूंदाबांदी की संभावना

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मंदसौर जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और यह स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखी जा सकती है। वर्तमान में जिले का अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने 15 फरवरी के आसपास वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण बूंदाबांदी की संभावना जताई है। विशेष रूप से 12, 13 और 14 फरवरी को बारिश का पूर्वानुमान है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के अनुसार, आज से एक नया मौसम सिस्टम सक्रिय हो रहा है। आगामी 08 फरवरी को भी एक अन्य सिस्टम के सक्रिय होने की संभावना है। इसके चलते प्रदेश के कुछ हिस्सों में में बादल छाए रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 20 फरवरी के बाद ठंड का प्रकोप कम होने लगेगा, जिससे दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

### एमपी बोर्ड एक्जाम...

## इस बार पांचवीं-आठवीं की परीक्षा में छोटे जवाब अधिक देना होगा, ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे

**भोपाल, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों की रूपरेखा और अंक योजना जारी हो गई है। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को प्रश्नों के छोटे-छोटे उत्तर अधिक देने होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इस परीक्षा में वस्तुनिष्ठ, रिक्त स्थान भरो और अति लघु उत्तरीय प्रश्न अधिक पूछे जाएंगे। वहीं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों की संख्या बेहद कम होगी। इसके मुताबिक अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए अधिभार अंक 20, वार्षिक परीक्षा लिखित अधिभार अंक 60 और वार्षिक परीक्षा प्रोजेक्ट कार्य के लिए अधिभार अंक 20 निर्धारित किए गए हैं।

### 33 प्रतिशत से कम अंक लाने पर होंगे फैल...

प्रत्येक विषय की लिखित परीक्षा व आंतरिक मूल्यांकन में अलग-अलग न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक विषय के बाह्य एवं आंतरिक मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं करने वाले परीक्षार्थी को फिर से परीक्षा देनी होगी। उसमें भी पास नहीं हुए तो उसी कक्षा में दोबारा पढ़ना होगा।

### परीक्षा अंक की योजना...

| | |
|---|---|
| छमाही परीक्षा | - अधिभार 20 अंक |
| वार्षिक परीक्षा(लिखित) | - 60 अंक |
| आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) | - 20 अंक |

### लिखित परीक्षा के प्रश्नों का पैटर्न ऐसा होगा

| | |
|---|---|
| बहुविकल्पीय प्रश्न | - पांच अंक (पांच प्रश्न) |
| रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न | - पांच अंक (पांच प्रश्न) |
| अति लघु उत्तरीय प्रश्न | - 12 अंक (छह प्रश्न) |
| लघु उत्तरीय प्रश्न | - 18 अंक (छह प्रश्न) |
| दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | - 20 अंक (चार प्रश्न) |

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल (https://pmayg.nic.in/infoapp.html) पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### ✻ पुष्पांजली ✻

स्वर्गीय सेठ श्री मंगुमलजी होतवानी की पुत्रवधू एवं अर्जुनदास होतवानी, जेठानंद होतवानी, नंदलाल होतवानी, हरिश होतवानी, नारायणदास होतवानी की पूज्यनीय भाभी जी एवं नथुमलजी होतवानी की धर्मपत्नी व विनोद होतवानी एवं मुकेश होतवानी की पुज्य माताजी स्वपनिल होतवानी, राज होतवानी, जय होतवानी, देव होतवानी की दादाजी एवं पवन होतवानी (कालु) हरिश होतवानी (गोलु) की बड़ी मम्मी श्रीमती गोमीदेवी जी होतवानी का निधन दिनांक 02/02/2025 को हो गया जिनका उठावना दिनांक 04 फरवरी 2025 मंगलवार को दोपहर 4:00 संत कवरराम सिंधु धर्मशाला पर रखा है। महिलाओं ओर पुरुषों का सयुक्त उठावना



**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**होतवानी परिवार पिपलियामंडी/नीमच/मंदसौर**
**✻✻✻ फर्म ✻✻✻**
**✻ नंदलाल मंधुमल ✻ वैष्णवी कलेक्शन ✻ नवनीत ड्रेसेस/ श्री खाटुश्याम ट्रेडींग कंपनी नीमच ✻ नारायण ऐजंसी ✻ नंदनी साड़ी, पिपलियामंडी**

# क्रोध को कैसे वश में करे-पं.शर्मा

## पंडित सत्यनारायण शर्मा के मुखारविंद से वीर हनुमान मंदिर पर षष्टम दिवस कथा में हुआ श्री कृष्ण व रुकमणी विवाह संपन्न

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम देवरी तहसील मल्हारगढ मे पंडित सत्यनारायण शर्मा के मुखारविंद से वीर हनुमान मंदिर पर सात दिवसीय कथा के षष्टम दिवस के आयोजन का समापन हुआ। जिसमें पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा भागवत कथा के षष्टम दिवस मे प्रसंगवश के दौरान कहा कि उद्धव जी को भगवान श्री कृष्ण ने प्रेम तत्व से परिचित करवाया और बताया कि प्रेम तत्व क्या है।बाद में यह कहा कि सातवें दिवस को राजा परीक्षित का श्राप से मुक्त होना तय है।क्योंकि राजा परीक्षित कथा सुन रहा था। उदाहरण के तौर पर कहा कि जो सातवें दिवस पूर्ण रूप से कथा सुन लेगा उसे बाईट छ: दिवस का कथा का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। अंत मे माता रुक्मणी व श्री कृष्ण भगवान का रसधार बड़े प्रेम भाव व उत्साह से पंडित सत्यनारायण शर्मा ने रास द्वारा विवाह संपन्न करवाया।इस अवसर ग्राम वासियो ने कन्यादान भी किया।विवाह की संपूर्ण तैयारी यज्ञ आचार्य व हेमंत जोशी द्वारा की गई। और आर्गन द्वारा बड़े प्रेम भाव से प्यारा सा रास गाया गया



और भजनो द्वारा भक्तों को झुमकर थिरकाया गया। देवरी के ग्रामवासियो मे रिया धनगर ने माता रुक्मणि व हर्ष कुंवर ने भगवान श्री कृष्ण की भूमिका निभाई।गुरुदेव द्वारा क्रोध को कैसे शांत व वश मे करना चाहिए यह भी बताया गया।यह भी देवरी ग्राम के वीर हनुमान मंदिर षष्टम दिवस की कथा के अंत मे पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा बताया गया कि इस सात दिवसीय भागवत कथा के माध्यम से आने वाली भेंट व चढ़ावा मेरे द्वारा इस वीर हनुमान मंदिर को समर्पित रहेगा।पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा अनुरोध किया गया क़ि इस सात दिवसीय भागवत कथा को सुनने के लिए मंदसौर व आसपास के क्षेत्रो से अधिक से अधिक संख्या मे सभी भक्त व श्रद्धालुओं द्वारा कथा मे पधारकर इस वीर हनुमान मंदिर दान कर पुण्य लाभ लेवे।इस अवसर पर इस कथा मे देवरी पंचायत के समस्त हजारों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नशामुक्ति की दिशा में मोहन सरकार ने बढ़ाया प्रभावी कदम

**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने खरगोन जिले में अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में कैबिनेट कर ऐसा ऐतिहासिक निर्णय लिया, जिसे पूरे प्रदेश में सराहा गया। निर्णय था, प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्रामपंचायतों में शराबबंदी का। इसी दिन मोहन सरकार ने यह भी निर्णय लिया कि पुण्य सलिला माँ नर्मदा के तट के दोनों किनारे 5 किलोमीटर की परिधि में शराबबंदी पूर्ववत लागू रहेगी। यह दिन इस लिये भी मध्यप्रदेश के इतिहास में स्मरणीय बनेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से 'देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन' को भी स्वीकृत कर लागू किये जाने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति की दिशा में उठाया गया। यह कदम जन-आस्था और धार्मिक दृष्टिसे श्रृद्धा के 19 नगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों में प्रभावशाली होगा। मंत्रि-परिषद ने जिन धार्मिक स्थान पर शराब बंदी का निर्णय लिया उसमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें हैं। जिन प्रमुख पवित्र नगरों में शराबबंदी लागू की जा रही है उनमें बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन, प्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी का उद्गम अमरकंटक, महेश्वर, ओरछा रामराजा मंदिर क्षेत्र, ओंकारेश्वर, मंडला में सतधारा क्षेत्र, मुलताई में ताप्ती उद्गम क्षेत्र, पीतांबरा देवीपीठ दतिया, जबलपुर भेड़ाघाट क्षेत्र, चित्रकूट, मैहर, सलकनपुर, सांची, मंडलेश्वर, वान्द्रावान, खजुराहो, नलखेड़ा, पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र मंदसौर, बरमान घाट और पन्ना शामिल हैं। नये वित्तीय वर्ष से इन सभी क्षेत्र में शराब की दुकानें नहीं रहेगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिये 'विकास के साथ विरासत' का मंत्र दिया है। हमारी सरकार 13 दिसम्बर 2023 को कार्यभार संभालने के पहले दिन से ही इस सूत्र पर काम रही है। विरासत की रक्षा के लिये जितना महत्वपूर्ण भवनों, ऐतिहासिक स्थलों और साँस्कृतिक प्रसंगों को सहेजना होता है उतना ही महत्वपूर्ण समाज जीवन की विशिष्टताओं को सहेजना है जिससे आने वाली पीढ़ियाँ संस्कारवान बन सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ केवल धार्मिक क्षेत्र ही नहीं होते, उन्हें समाज निर्माण का केन्द्र माना गया है। वहाँ का वातावरण सात्विक होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी उज्जैन सिहंस्थ के दृष्टिगत हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सरकार विकास कार्यों के साथ विरासत सहेजने की दिशा में काम कर रही है। इस निर्णय से पहले कृष्ण पाथेय निर्माण करने, राम पथ गमन के विकास का काम तेज करने, वर्ष 2028 के सिंहस्थ की तैयारी आरंभ करने, खुले में माँस बिक्री प्रतिबंधित करने और ध्वनि विस्तारकों को सीमित करने जैसे निर्णय लिये गये हैं। इसके साथ पाठ्यक्रम में महापुरुषों का जीवन चरित्र जोड़ने की पहल की गई है, जिससे, नई पीढ़ी को संकल्पशीलता की प्रेरणा मिले। मध्यप्रदेश सरकार का यह निर्णय भारतीय सांस्कृतिक विरासत की उस जीवन शैली की ओर है जिसमें शाकाहार, सात्विकता और नशामुक्त जीवन शैली को आदर्श माना गया है। मांस-मदिरा मुक्त जीवन शैली को देवों और मनुष्यता का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार आस्था केन्द्रों के माध्यम से ऐसा वातावरण बनाना चाहती है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। प्रत्येक स्थान की अपनी मौलिक ऊर्जा होती है। प्रत्येक स्थान अथवा क्षेत्र की अपनी विशिष्टऊर्जा होती है। इसे हम धरती के विभिन्न भागों के निवासियों की जीवन शैली और मानसिकता से समझ सकते हैं। भारतीय मनीषियों ने ऐसे स्थानों में तीर्थ क्षेत्रों का चयन किया जो सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र हैं, जिससे व्यक्ति वहाँ जाकर क्षोभ से मुक्त होकर उत्साह के साथ लौटे जिससे उसके कर्म कर्तव्य भी आदर्श हों।

# महाराजा अग्रसेनजी की प्रतिमा स्थापना की मांग लेकर नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर, 03 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। अग्रवाल समाज के आराध्य देव महाराजा श्री अग्रसेनजी की प्रतिमा स्थापना की मांग लेकर मंदसौर के अग्रवाल समाज ने नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर को ज्ञापन सौपा।**

समाजजन ने ज्ञापन में कहा कि मंदसौर नगर में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजन निवासरत है तथा समाज की मांग पर नगरपालिका मंदसौर की बैठक में संकल्प क्र. 187 दिनांक 27 जुलाई.2007 पारित कर चयनित स्थल पुलिस कंट्रोल रूम के पास चौराहा पर अग्रसेनजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने व चौराहे का नामकरण करने बाबत् एक पत्र कलेक्टर को मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा दिनांक 18.सितम्बर 2007 को लिखा गया था। लेकिन करीब 18 वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक चयनित स्थल पर महाराजा अग्रसेनजी की प्रतिमा नहीं लग पाई है। इसलिए अग्रवाल समाज सहित जनभावना को देखते हुए महाराजा अग्रसेनजी की प्रतिमा उक्त स्थल पर लगा कर चौराहे के नामकरण किया जाए। ज्ञापन देने के अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in